54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 15.5°c अधिकतम 30.4 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:39, सूर्यास्त - 6:21 | वर्ष : 54/ अंक : 63 | शुक्रवार, 06 मार्च 2026 | चैत्र, कृष्ण पक्ष, तृतीया | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

पलभर का क्रोध आपका भविष्य बिगाड़ सकता है। इंसान को अपने जीवन में खतरा मोल लेने से कभी नहीं डरना चाहिए या तो जीत मिलेगी या हार।

केवल सैन्य संघर्ष किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकता : मोदी



अभी कोई भी पक्ष संघर्ष विराम के पक्ष में नहीं दिखता....

# पेट्रोल के लिए मत मचाइये हा-हाकार, खूब है भण्डार

**▶ तरह-तरह की अफवाहों ने लिया जन्म, पेट्रोल पम्प संचालक बोले देश में पेट्रोल का पर्याप्त भण्डारण ▶ बेवजह लगी है वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाने की होड़**





**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** इरान-अमेरिका युद्ध के बाद खाड़ी देशों में अफरा-तफरी के माहौल से तरह-तरह की चर्चाएं भारत में भी व्याप्त होने लगी हैं। इन चर्चाओं में सर्वाधिक चर्चा पेट्रोल की है, क्योंकि इरान से पेट्रोल का आयात भारत को भारी मात्रा में होता है, ऐसे में आम जनता कयास लगा रही है कि कहीं पेट्रोल की कमी न आ जाए, मगर भारत सरकार का दावा है कि उसके पास पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल है। हरियाणा के नूंह में पेट्रोल पम्पों पर लगी लम्बी-लम्बी लाइनें सोशल मीडिया पर दहशत का माहौल बना रही है। उसी के चलते पूरे देश में तरह-तरह की अफवाहें पेट्रोल को लेकर फैल रही हैं। मुजफ्फरनगर में जब बुलेटिन की टीम ने कई पेट्रोल पम्पों पर इसकी जानकारी हासिल करने का प्रयास किया तो मेरठ रोड स्थित ताराचंद पेट्रोल पम्प, इंजीनियरिंग पेट्रोल पम्प के संचालकों ने बताया कि किसी तरह की भी दहशत मानने की आवश्यकता नहीं है, पेट्रोल की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू है। किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल देने से किसी प्रकार की कोई मना नहीं की जा रही है। पर्याप्त स्टॉक पेट्रोल पम्पों पर भी उपलब्ध है और उन्हें कम्पनियों द्वारा मांग की आपूर्ति की जारी है। अभी तक मुजफ्फरनगर में अफरा-तफरी का माहौल तो नहीं बना मगर लोग बेवजह पेट्रोल स्टॉक करने में लगे हुए हैं। जो व्यक्ति पहले 100-200 रुपये का पेट्रोल अपने वाहन में डलवाता था अब वह उन वाहनों टंकी फुल करा रहा है। चरथावल पेट्रोल पम्प के स्वामी सचिन सिंघल का बताना है कि पेट्रोल से सम्बंधित खबरों को पैनिक करने की एक मुहिम सी चली हुई है, जबकि किसी भी प्रकार की पेट्रोल की कमी नहीं है, जो जितना चाहे पेट्रोल डीजल ले सकता है। देश में आसानी से 25 दिन का पेट्रोल मौजूद है। बुलेटिन टीम ने जब पेट्रोल पम्पों पर जाकर भीड़ का आलम देखा तो पेट्रोल पम्पों पर भी सामान्य भीड़ थी। सेल्समैनों ने भी बताया कि रुटीन में इतना ही ग्राहक होता है, सिर्फ फर्क इस बात का है कि बेवजह होड़ के चक्कर में थोड़ा पेट्रोल ज्यादा जमा करते आम आदमी दिख रहा है। ऐसे में किसी भी रूप से पेट्रोल से सम्बंधित खबरों को निराधार माना जाए और बेवजह पेट्रोल के चक्कर में हा-हाकार न मचाएं, क्योंकि देश में पर्याप्त पेट्रोल का भण्डार मौजूद है।

## शाहपुर क्षेत्र में फैली अफवाह तो पेट्रोल पम्पों पर लगी भीड़



**शाहपुर, 5 मार्च (बु.)।** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध का असर अब पेट्रोलियम पदार्थों पर भी दिखाई देने लगा है। क्षेत्र में इन दिनों डीजल की शॉर्टेज के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे व आसपास के पेट्रोल पंपों पर डीजल लेने के लिए किसानों की लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई हैं। किसान अपने ट्रैक्टर-ट्राली के साथ ड्रम लेकर पेट्रोल पंपों पर घंटों इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। पंप संचालकों का कहना है कि

**पेट्रोल पंप पर लगी लंबी-लम्बी कतारें**

फिलहाल डीजल की आपूर्ति समय से नहीं पहुंच पा रही है, जिसके चलते वितरण प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि जैसे ही डीजल की नई खेप पेट्रोल पंपों पर पहुंचेगी, तुरंत किसानों को डीजल उपलब्ध कराया जाएगा। दरअसल इस समय रबी की फसल खेतों में तैयार खड़ी है और गेहूं की कटाई का कार्य शुरू होने वाला है। इसके साथ ही गन्ने की बुवाई भी क्षेत्र में तेजी से चल रही है। ऐसे में खेतों की जुताई, सिंचाई, कटाई और अन्य कृषि कार्यों के लिए डीजल की खपत मार्च, अप्रैल और मई के महीनों में सामान्य दिनों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक हो जाती है। छोटे और बड़े सभी किसानों को इस समय पर्याप्त मात्रा में डीजल की आवश्यकता पड़ती है। किसानों का कहना है कि जब वे अपनी जरूरत का डीजल लेने के लिए पेट्रोल पंपों पर पहुंचते हैं तो डीजल उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है या फिर घंटों इंतजार करना पड़ता है। इससे खेती के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। इधर कुछ लोग डीजल की कमी को खाड़ी क्षेत्र में चल रहे युद्ध से जोड़कर तरह-तरह की चचाएं कर रहे हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**चरथावल, 05 मार्च (बु.)।** चरथावल थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बिरालसी गांव के पास डंपर से हुई भिड़ंत में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार, ग्राम कुल्हेड़ी निवासी मुंतज़िर पुत्र इमरान अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। बिरालसी गांव के पास सामने से आ रहे डंपर से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुंतज़िर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही बिरालसी चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह परिहार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना का जायजा लिया और मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चरथावल थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले में आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## भाजपा जिला संगठन में जल्द होगा बड़ा फेरबदल

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद के जिला संगठन में जल्द ही बड़ा बदलाव नजर आएगा। गुरूवार को जिला प्रेक्षक व प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज भाजपा कार्यालय पर पहुंचे और जिले से सम्भावित नामों की सूची लेकर वापस लौटे। बैठक के दौरान कोर कमेटी प्रभारी सूर्य प्रकाश पाल, राज्यंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व सांसद डॉ. संजीव बालियान, जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, एमएलसी वंदना वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप सैनी, क्षेत्रीय मंत्री डॉ. पुरुषोत्तम मौजूद रहे। आपको बता दें कि भाजपा संगठन के फेरबदल में तीन महामंत्री जिनमें से 1 अनुसूचित जाति, 8 उपाध्यक्ष, 8 मंत्री, 1 कोषाध्यक्ष, 1 मीडिया प्रभारी व 70 सदस्यों की सूची जारी की जाएगी। पर्यवेक्षकों की मानें तो उक्त पदाधिकारियों की उम्र 35-50 से बीच की होनी अनिवार्य है। इन पदों पर उन्हीं लोगों को मौका मिल सकेगा जो 2019 और 2024 के कार्यकाल में सक्रिय रहे हों। जल्द ही वरिष्ठ कमेटी इनके नामों की घोषणा करेगी।

**30 प्रतिशत रहेगा महिलाओं का कोटा**

**मुजफ्फरनगर।** इस बार जिला संगठन कार्यकारिणी में महिलाओं की बल्ले-बल्ले होती दिखेगी, क्योंकि जिला संगठन में इस बार हाईकमान तीस प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। महिलाओं में महामंत्री पद पर श्वेता कौशिक, ममता अग्रवाल, आंचल तोमर, गीता जैन, अंजलि चौधरी, प्रवेश भडाना आदि की दावेदारी प्रबल मानी जा रही है।

**पुरुषों में ये होंगे दावेदार**

***मुजफ्फरनगर। महामंत्री सहित विभिन्न पदों पर पुरुषों में सुनील दर्शन, सुधीर खटीक, विजय प्रजापति, पवन अरोरा, संजय गर्ग आदि की दावेदारी को मजबूत माना जा रहा है। लगभग बीस वरिष्ठ पदों में इन्हीं में से महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी के पद तय किये जाएंगे।***

## नेताओं और अधिकारियों के घरों से लेकर आम आदमी के आंगन में खूब उड़ा रंग और गुलाल

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** होली का त्यौहार एक ऐसा त्यौहार है, जिसमें मौज-मस्ती ऐसी छा जाती है कि सब कुछ भूलकर एक दिन के लिए इंसान दूसरी दुनिया में चला जाता है और यह भूल जाता है कि मेरे पास कौन सा पद है कि कितनी ऊंचाई पर मैं हूं। आज बस मौज-मस्ती करनी है। ऐसा ही नजरा तिलहैंड़ी के दिन पुलिस थानों में देखने को मिला मुजफ्फरनगर के एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने अपने हाथों से ढोल बजाया तो सब रोमांचित हो गए, वहीं दूसरी ओर एक-



दूसरे की शर्ट फाड़कर थाना सिविल लाइन में इंस्पेक्टर हो या दरोगा सभी ने एक साथ मिलकर होली खेली। शहर कोतवाली में छत पर सोया था बहनोई गाने पर खूब थिरके पुलिसकर्मी। पूरे जनपद में ऐसे ही अलग-अलग चटपटे नजारे देखने को मिले। दुल्हैंड़ी पर सुरक्षा ड्यूटी पर मुस्तैद रही पुलिस ने गुरुवार को जमकर रंग गुलाल उड़ाया और डीजे पर डांस की मस्ती के साथ एक दूसरे के कपड़े फाड़कर

शेष समाचार - पृष्ठ 4 पर पढ़ें

## एसएसपी ने बजाया ढोल तो सभी थानों में दिखा कपड़ा फाड़ होली का माहौल

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** हर हाथ के स्पर्श के साथ पल-पल रंग बदलते चेहरे, डीजे की धुन पर मस्ती में नाचते युवा और बच्चों के साथ होली के रंग में रंगे आम और खास। फागुनी मस्ती का पर्व, उड़ते रंग गुलाल के साथ आने-जाने वालों पर रंग डालते और गुब्बारे मार कर किलकारी मारते बच्चे, होली का त्यौहार कुछ ऐसे ही रंग में रंगा नजर आया। एक ओर जहां मंत्रियों और अधिकारियों के घरों में रंग-गुलाल उड़ा, वहीं दूसरी ओर आम आदमी के आंगन में होली के रंग खूब उड़ते दिखाई दिये। बच्चों ने राहत चलते लोगों को गुब्बारे मारकर होली का खूब आनन्द उड़ाया। तेज गर्मी के चलते पानी की होली खेलने से भी लोगों ने परहेज नहीं किया। सड़कों पर ट्रैक्टरों से गुलाल उड़ाने व गाड़ियों पर घूमने का नया क्रेज दिखाई दिया। युवाओं की टोलियां अर्धनग्न होकर शिवचौक, भगत सिंह रोड, रुड़की रोड पर खूब गुलाल व पानी उड़ाती दिखी। शहर समेत जिलेभर में दुल्हैंड़ी पर रंगों की मस्ती छाई रही। मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक रंगों की बौछार के साथ उल्लास का वातावरण रहा। लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह था। इसके चलते मंगलवार को ग्रहण के कारण मन मसोसकर रह गए बच्चों ने गुरुवार को जमकर होली की मस्ती का आनंद लिया। युवा परीक्षाओं की चिंता भूलकर रंगों की उमंग में डूबे नजर आए। बच्चों ने सुबह से ही पिचकारियां तान ली थीं। बाल्टी में घोले रंग की बौछार आने-जाने वालों पर करने के साथ रंगीन पानी के भरे गुब्बारों के साथ एक दूसरे और राहगीरों को भिगोकर किलकारियां मारती बच्चों की टोलियां गली मौहल्लों में होली के रंगों की मस्ती को चरितार्थ करती नजर आईं। युवाओं की टोलियां गलियों में घूमकर रंगों में डूबते हुए डांस करती दिखाई दीं। युवाओं ने ना केवल एक-दूसरे को रंगों



शेष समाचार - पृष्ठ 4 पर पढ़ें

## इंग्लैंड को 7 रन से हरा भारत टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में



**सैमसन ने 89 रन बनाए, बेथेल का जवाबी शतक हुआ बेकार**

**मुंबई, 5 मार्च (एजेंसी)।** भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके। भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली। जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पंड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से विल जैक्स और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट जोफ्रा आर्चर को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए। भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

## फार्म हाउस के चौकीदार की हत्या, चेहरा जलाया

**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने पुलिस को चुनौती देते हुए एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर स्थित बीबीपुर पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर एक फार्म हाउस के चौकीदार की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने क्रूरता की हदें पार

**ईंट-पत्थरों से बुरी तरह कुचल दिया चेहरा, पहचान मिटाने का किया प्रयास**

करते हुए मृतक के चेहरे को ईंट-पत्थरों से बुरी तरह कुचल दिया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान 50 वर्षीय हुसनपाल के रूप में हुई है, जो लंबे समय से इसी फार्म हाउस में रहकर रखवाली का काम करता था। गुरूवार सुबह जब ग्रामीण फार्म हाउस की ओर पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर दंग रह गए। हुसनपाल का शव कमरे के बाहर खून से लथपथ पड़ा था। हमलावरों ने उसके चेहरे पर भारी पत्थरों से इतने वार किए थे कि पहचान करना भी मुश्किल हो रहा था।





घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पत्नी कविता ने रोते हुए बताया कि उनके पति बेहद सीधे और मेहनती व्यक्ति थे, जो चौकीदारी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात से ही हुसनपाल का फोन बंद आ रहा था, जिससे वे अनहोनी को लेकर आशंकित थे। ग्रामीण रोबिन चौधरी और मांगेराम ने घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सख्त सजा की मांग की है। वारदात की सूचना पर नई मंडी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने मौके से अहम साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## होली के रंगों के बीच जमकर पथराव व फायरिंग

**▶ ग्राम अमीरनगर में बवाल के बाद 50 पर मुकदमा, 4 गिरफ्तार**

**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** जनपद के थाना तितावी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमीरनगर में बुधवार को होली के जश्न के दौरान दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। मामूली विवाद से शुरू हुई बात इतनी बढ़ गई कि दोनों ओर से जमकर पथराव और फायरिंग हुई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दर्जनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जिसमें से गुरुवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आपको बता दें कि, अमीरनगर में बुधवार को दो पक्षों के बीच होली खेलने को लेकर कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना गहराया कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। वायरल वीडियो में छतों और गलियों से ईंट-पत्थर चलाए जा रहे हैं और फायरिंग की जा रही है। किसी ग्रामीण ने इस पूरी घटना को मोबाइल में कैद कर इंटरनेट पर प्रसारित कर दिया। सूचना मिलते ही तितावी थाना पुलिस भारी बल के साथ मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके से चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सुधीर, विकास, सुनील, रोहित, कार्तिक, जल सिंह, जोगिंदर, अंकुश, अमित, रविंद्र, अनुज, मनीष और विश्वास सहित 40 से 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और दंड विधि संशोधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। त्योहार के दिन हुई इस हिंसक घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पुलिस ने गांव में गश्त बढ़ा दी है और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी जा रही है।

**वीडियो से पहचान कर होगी गिरफ्तारी**

"कल थाना तितावी के अमीरनगर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें सहजातीय दो पक्षों के द्वारा एक-दूसरे पर पत्थरों की घटना कारित की गई थी। इस वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना तितावी पुलिस द्वारा मौके पर जाकर शांति व्यवस्था कायम की गई। तथा दोनों पक्षों में से दो-दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है। वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उनकी तस्दीक की जाएगी। और जो भी कार्रवाई है। कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"

**यतेंद्र नागर, सीओ फुगाना**

सोलहवाँ रोजा - 06-03-2026
सुन्नी 6:23 इफ़्तार शिया 6:33
रमजान- 2026
सतरहवाँ रोजा - 07-03-2026
सुन्नी 5:17 सहरी शिया 5:11





## जाम के झाम से कराहा शहर

**मुजफ्फरनगर, 05 मार्च (बु.)।** गुरूवार सुबह से दोपहर बाद तक नगरीय क्षेत्र में होली की मस्ती और खुमारी के बीच वापस गंतव्य की ओर जाने की जल्दी में हाईवे से अन्य संपर्क मार्गों के साथ ही शहर के चौराहों व मुख्य बाजारों समेत कई क्षेत्रों में गलियों तक वाहनों का जाम लोगों की परेशानी का कारण बनता नजर आया। इस दौरान मुख्य चौराहों के साथ बाजारों में दुपहिया और चौपहिया वाहनों के कारण जहां जाम लगा रहा, वहीं एक-दूसरे से आगे निकलने की जल्दबाजी में अधिकांश क्षेत्रों में वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। इससे जहां हर ओर लोगों के वाहन जाम के झाम में घंटों फंसे रहे। वहीं गंतव्य पर जाने को कई मौहल्लों की छोटी एवं संकरी गलियां ई-रिक्शाओं व दोपहिया वाहनों के कारण जाम का कारण बनती हुई दिखाई दी। जाम के झाम से मुक्ति में मददगार बनने वाले पुलिस की गैरमौजूदगी भी इस बीच वाहनों की गति को थामने की जिम्मेदार रही।

जी हां, नगरीय क्षेत्र में तमाम प्रयासों के बावजूद जाम की इस समस्या का निदान होता दिखाई नहीं देता। हालांकि इस समस्या के निदान को लेकर जागरूक लोगों के साथ बुलेटिन टीम कई बार अफसरों से लेकर माननीयों तक को इस समस्या के प्रति प्रेरित कर चुकी है, लेकिन उक्त समस्या ज्यों की त्यों ही बनी हुई है। इस समस्या के निदान को लेकर बीते दिनों जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर भी नगरपालिका के साथ यातायात पुलिस को इस दिशा में कारगर योजना बनाकर काम करने की चेतावनी दे चुके हैं, लेकिन समस्या का निदान न होना माननीयों के निर्देशों को ठेंगा दिखाता पड़ रहा है। गुरूवार को ऐसे ही हालातों के बीच नगरीय क्षेत्र के तमाम बाजारों व चौराहे जाम के झाम से कराह उठे, जब दुल्हेंडी के बाद अपने काम पर लौटने और जरुरी कार्यों के लिए घरों से निकले वाहन मुख्य बाजारों से चौराहों के बीच जाम में फंस गए। इस बीच तमाम वाहन घंटों तक जाम में रेंगते हुए दिखाई दिए। चौराहों पर इस बीच पुलिस की उपस्थिति के अभाव में कुछ ही देर में हालत बद से बदतर होते चले गए और मुख्य सड़कों से हटकर इन गलियों से निकलने वाली ई-रिक्शाओं व दुपहिया वाहनों के पहुंच जाने से गलियों में जाम लग गया। ऐसी स्थिति में स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं गंतव्य की ओर जाने वाले तमाम वाहन चालकों को जाम के बीच फंस जाने से परेशानी उठाने को विवश होना पड़ा।

कहना गलत न होगा कि नगर क्षेत्र में जाम का मुख्य कारण हर ओर तेजी से सिकुड़ती सड़कें और लगातार बढ़ते वाहनों की संख्या के साथ बाजारों में दुकानों के बाहर हो रहे अतिक्रमण और बेतरतीब वाहनों के कारण यह समस्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है, लेकिन समस्या के निदान के प्रति जिम्मेदार अधिकारियों की उपेक्षा इस समस्या का निदान कराने में विफल साबित हो रही है। ऐसे हालात रहे तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाए तो अतिश्योक्ति न होगी।

प्राकृतिक सौन्दर्य की सार्थकता
पुष्प प्रदर्शनी
द्वारा
इण्टरनेशनल गुडविल सोसायटी
मुजफ्फरनगर
कार्यक्रम
दिनांक 08.03.2026, दिन- रविवार
समय:- प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक
स्थानः- एस.डी. पब्लिक स्कूल, जूनियर विंग, निकट रोडवेज बस स्टैंड, मु०नगर
- 3 गमले किसी भी सीजनल वैरायटी के एक या विभिन्न वैरायटी।
- इंडोर प्लान्ट्स गमलों का ग्रुप।
- स्थाई फूलों वाले प्लान्ट्स 3 गमलों का ग्रुप।
- बोनसाई सिंगल गमला।
- कैक्टस/सैकूलेट 3 गमला।
- टोपरी एक गमला।
- पुष्प सज्जा महिला एवं बच्चों द्वारा।
- मालियों के लिए गुलदस्ता या माला।
- कट फ्लावर (अ) गुलाब (ब) सीजनल (स) बल्ब (द) स्थाई।
- नर्सरी स्वामियों के लिए विशिष्ट स्थान के साथ पुरस्कार।
- प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार एवं सहभागियों को सांत्वना पुरस्कार।
नोटः कृपया अपने गमले प्रदर्शन स्थल पर प्रातः 9.00 बजे तक पहुंचायें।
मुख्य अतिथि: श्री कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार (उत्तर प्रदेश सरकार)
विशिष्ट अतिथि: श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप, अध्यक्षा, नगर पालिका मुजफ्फरनगर
आयोजक
सुरेन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष, M:.9837033201
होतीलाल शर्मा, सचिव, M:.9219185842
राजेन्द्र साहनी, कोषाध्यक्ष, M:.9837783971
प्रो0 अशोक जैन, सहयोगी, M:.9927276041
रचना बाटला, महिला संयोजिका, M:.9837027185
संयोजक :- भीम कंसल, डा० एस.सी. कुलश्रेष्ठ, डा० अशोक कुमार, आलोक स्वरूप, अंकित सिंघल, मनोज बाठला, देवराज पंवार, अंकुर गर्ग, अमित वसुन्धरा, मनोज जैन एलजी, गिरीराज माहेश्वरी, विनोद संगल, राजीव जैन, सतीश गोयल, श्रीमती चंचल सक्सेना, पीयूष अग्रवाल, निरंकार स्वरूप, पंकज जैन, मुकेश लाल एड०, विश्वरत्न गुप्ता, राजन अग्रवाल, शिव चरण गर्ग।
सह-संयोजक :- सर्वश्री इं. लोकेश चन्द्रा, अनिल गोपाल गर्ग, मुकुल दुआ, संदीप दास, अवनीश मोहन तायल, बी०एम० गुप्ता, रामकुमार तायल, ब्रजमोहन, कृष्ण कुमार बंसल, एल०के० मित्तल, सतीश मित्तल, एस. के. अग्रवाल, मुकेश अरोरा, मुनेश सिंघल, रचना जैन, राजीव अग्रवाल।

## चांदी 2 दिन में 26 हजार सस्ती हुई: सोना 7 हजार गिरकर 1.62 लाख पर

**नई दिल्ली, 5 मार्च (एजेंसी)।** सोने और चांदी के दामों में आज यानी 5 मार्च को लगातार दूसरे दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 2 हजार रुपए घटकर 1.60 लाख पर आ गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.62 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। सोना 2 दिन में 7 हजार रुपए सस्ता हुआ है। वहीं, एक किलो चांदी 7 हजार रुपए गिरकर 2.64 लाख पर आ गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.71 लाख रुपए प्रति किलो थी। ये दो दिन में 26 हजार रुपए सस्ती हुई है। सोना चांदी के दाम में ये गिरावट प्रॉफिट बुकिंग की वजह से आई है।

## मंत्री अनिल कुमार ने उड़ाया गुलाल



मुजफ्फरनगर। अंकित विहार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के आवास पर भी लोगों का तांता लगा रहा। यहां रालोद समर्थकों के साथ भाजपा के कार्यकर्ता और आम जन भी मंत्री को रंग गुलाल लगाने पहुंचे। मंत्री अनिल कुमार ने सभी को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं।

## संजीव बालियान निकले नगर भ्रमण पर

**मुजफ्फरनगर। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री के एटूजेड कॉलोनी स्थित आवास पर बड़ी संख्या में समर्थक और क्षेत्रीय लोगों की भीड़ नजर आई। वहां जमकर रंग गुलाल उड़ाने के बाद खुली जीप में सवार होकर संजीव बालियान शहर की सड़कों पर निकले और रास्ते में लोगों को शुभकामनाएं देते हुए शिवचौक पर पहुंचे और वहां भगवान शिव को नमन करने के साथ लोगों के गले मिलकर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं।**

## डीएम आवास पर बिखरे रंग

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी के मेरठ रोड स्थित आवास पर सुबह से ही तमाम अधिकारी



होली की शुभकामनाएं देने पहुंचने लगे थे। उनके साथ तमाम गणमान्य लोग भी डीएम आवास पर खेली गई होली में शामिल हुए। वहां रंगों के साथ चाट और गुंजिया का भी आनंद लिया।


## गौरव और मीनाक्षी डूबे रंगों में



मुजफ्फरनगर। भाजपा नेता गौरव स्वरूप व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के आवास पर भी होली के रंग निराले थे। यहां सुबह से ही डीजे की धुन पर नाचते समर्थकों के साथ आने वालों को रंग गुलाल से रंग कर बधाई दी गई। गौरव और मीनाक्षी ने सबको होली की शुभकामनाएं दीं। तमाम सभासद भी इस मौके पर रंगों में डूबे दिखाई दिए। डीजे पर होली गीतों के साथ भाजपा के सियासी गीतों की भी धमक रही।

## पंजाबी यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल की चाकू मारकर हत्या

**लुधियाना, 5 मार्च (एजेंसी)।** कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैन्सी ग्रेवाल (45) की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। कैनेडियन पुलिस के मुताबिक मंगलवार की रात करीब साढ़े 9 बजे हमलावर उसके घर में घुसे। उसे घर के भीतर ही चाकू मारे गए। जिसके बाद हमलावर उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर



फरार हो गए। नैन्सी कनाडा के विंडसर इलाके में रहती थी। इसका पता चलने के बाद पुलिस वहां पहुंची। जहां से नैन्सी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। वहां के डॉक्टरों के मुताबिक उसे काफी गंभीर चोटें लगी हुई थीं। जिस वजह से उसकी मौत हो गई। हालांकि नैंसी की बहन ने दावा किया है कि नैंसी की हत्या उसके घर में नहीं हुई बल्कि उसके घर से 45 मिनट की दूरी पर एक पेशेंट के घर के बाहर हुई है। नैन्सी का जन्म हरियाणा में हुआ लेकिन बाद में उनका परिवार लुधियाना शिफ्ट हो गया। अब उसकी मां जालंधर में रहती है। नैन्सी अपने यूट्यूब वीडियो को लेकर सुर्खियों में रहती थी। जिसमें वह खुलकर खालिस्तानियों से लेकर अकाल तख्त जत्थेदार और डेरा ब्यास मुखी तक की आलोचना करती थी।

## कपिलदेव अग्रवाल के आवास पर टेसू के रंग बिखरे







मुजफ्फरनगर। होली पर जिले के राजनीतिज्ञ भी रंग उड़ाते दिखे। राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल के आवास पर सुबह से ही भीड़ नजर आई। देर तक वहां टेसू के फूलों के रंग में आने वालों को जमकर भिगोया गया। डीजे की धुन पर गूंजते गीतों में मोदी योगी और भगवा छाया रहा। आने वालों को भगवा गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गईं। रंग-बिरंगे पानी में डूबे समर्थक और आगंतुक होली पर धमाल मचाने दिखाई दिए।

## महिलाओं ने भी जमकर उड़ेले रंग

मुजफ्फरनगर। होली के पर्व का उत्साह महिलाओं में भी कम नहीं था। घरों में महिलाओं ने जहां एक दूसरे को जमकर रंगा, वहीं देवर-भाभी और जीजा-साली की होली के रंग अलग थे। जिन महिलाओं की शादी के बाद पहली होली थी, उनके घरों में तो उत्साह ही निराला था। परंपरा के अनुसार शादी के बाद महिलाएं पहली होली मायके में ही मनाती हैं। इसके चलते महिलाओं में नई दुल्हनों और उनके साथ आए मेहमानों को रंगने का खास अंदाज दिखा।

## हरेंद्र-पंकज को जमकर रंगा

मुजफ्फरनगर। सांसद हरेंद्र मलिक के आवास पर एमपी के साथ उनके पुत्र चरथावल से विधायक पंकज मलिक ने समर्थकों के साथ होली मनाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग सांसद और विधायक के साथ होली खेलने पहुंचे । डीजे की धुन पर होली के गीतों के साथ जनता पुकारती है अखिलेश आएंगे जैसे गीतों के साथ सियासी संदेश भी दिया गया। देर तक वहां रंगों की मस्ती में लोग झूमते गाते नजर आए।

## मीका विहार में जमी महफिल





**मुजफ्फररनगर।** मीका विहार में होली पर रंगों की खास महफिल सजी। इस मौके पर प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, सुरेंद्र अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल, मुन्नू भाई, अभिषेक अग्रवाल समेत कॉलोनी के तमाम लोगों ने होली के गीतों पर जमकर डांस करते हुए एक दूसरे को रंगा। यहां भी बड़ी संख्या में लोग होली मिलने में शामिल होकर रंगों की मस्ती में डूबे दिखाई दिए। सभी ने गले मिलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।





## एमबीबीएस छात्र की लाश 30 मिनट रेलिंग से लटकी रही

**गोरखपुर, 5 मार्च (एजेंसी)।** बेकाबू फॉर्च्यूनर की टक्कर से स्कूटी सवार टइइर छात्र की मौत हो गई। छात्र होली पर दोस्त के घर गया था। रात में खाना खाकर हॉस्टल जा रहा था। ओवरब्रिज पर फॉर्च्यूनर ने स्कूटी में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि छात्र हवा में उछला और 15 मीटर दूर ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराकर औंधे मुंह लटक गया। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और ओवरब्रिज पर भीड़ लग गई। लोग वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने छात्र को रेलिंग से नहीं उतारा। 30 मिनट शव रेलिंग से लटका रहा। इसके बाद राहगीर की सूचना पर पुलिस पहुंची और छात्र को नीचे उतारा और जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्र की मौत के बाद उसका दोस्त अस्पताल पहुंचा। शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगा और कहने लगा डॉक्टर साहब, मेरे दोस्त को जिंदा कर दीजिए। हादसे के बाद प्रॉपर्टी डीलर गोल्डेन साहनी फॉर्च्यूनर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने एक घंटे बाद उसे ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया। संतकबीरनगर के रहने वाले 22 साल के आकाश पांडेय बीआरडी मेडिकल कॉलेज के टइइर थर्ड ईयर के छात्र थे। घटना बुधवार रात 10 बजे शाहपुर थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर-कौवाबाग ओवरब्रिज पर हुई।

# प्रेमी ने भाकियू अराजनीतिक की महिला जिलाध्यक्ष की लाश जंगल में जलाई

श्रावस्ती, 5 मार्च (एजेंसी)। भाकियू अराजनीतिक की महिला जिलाध्यक्ष आंचल मिश्रा की हत्या बॉयफ्रेंड ने की थी। पुलिस ने बुधवार को हत्याकांड का खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक, आंचल की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर प्रेमी सूरज वर्मा ने जंगल में हत्या करके शव को जला दिया था। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



आरोपी ने कबूलनामे में बताया- आंचल और उसके बीच करीब 5 महीने से अफेयर था। आंचल उससे पैसे मांगती थी। इनकार करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी देती थी। ब्लैकमेल करती थी। वह अपनी जमीन बेचकर आंचल को एक लाख रुपए दे चुका था। आरोपी ने बताया कि बार-बार पैसे मांगने और ब्लैकमेलिंग से तंग आकर उसने 17 फरवरी को आंचल मिश्रा को मिलने के बहाने जंगल में बुलाया। सूरज नशे में धुत था। उसने पहले आंचल के दुपट्टे से गला घोटकर उसकी हत्या कर दी। फिर सूखी पत्तियों से चेहरे को ढककर सिगरेट जलाने वाले लाइटर से आग लगा दी। इसके बाद वो वापस घर आ गया। बाद में जब उसका नशा उतरा तो देर रात आंचल को खोजने फिर से जंगल में गया, लेकिन उसे शव नहीं मिला। इसके बाद पति के साथ मिलकर आंचल को खोजने का नाटक करता रहा। सूरज ने आंचल के पति के साथ मिलकर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। बता दें कि आंचल 17 फरवरी को किसान यूनियन की बैठक में शामिल होने की बात कहकर घर से निकली थी और लापता हो गई थी। 3 मार्च को पुलिस ने जंगल में आंचल का कंकाल बरामद किया था। रीढ़ की हड्डी, जबड़ा आदि बिखरे पड़े थे। जले हुए कपड़े और जूता भी बरामद हुआ था। किसान नेता आंचल मिश्रा (35) की करीब 11 साल पहले शादी हुई थी। वह पति संतोष मिश्रा और 2 बच्चों के साथ बांसगढ़ी फत्तेपुर बनगई गांव में रहती थीं। उनके गांव के 2 किलोमीटर दूर जमुनहा भवनियापुर गांव में सूरज वर्मा रहता है। उसका संतोष के घर आना जाना था। आंचल मिश्रा किसान यूनियन अराजनैतिक महिला विंग की जिलाध्यक्ष थी। 17 फरवरी को भिनगा में किसान यूनियन की बैठक में शामिल होने की बात कहकर घर से निकली थीं। इसके बाद वह लापता हो गई। काफी तलाश के बाद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो पति संतोष सूरज के पास गया। आंचल को ढूंढने को हो। दोनों ने काफी तलाश की, लेकिन आंचल नहीं मिली। फिर संतोष और सूरज ने 19 फरवरी को मल्हीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस जांच में 3 मार्च को आंचल की लोकेशन मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ककरदरी रेंज के जंगल में मिली।

## एक्स मुस्लिम सलीम को गला रेतकर तड़पाते रहे

**गाजियाबाद, 5 मार्च (एजेंसी)।** मुस्लिम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर जानलेवा हमले का CCTV सामने आया है। इसमें दिख रहा कि कैसे हमलावर जीशान और उसका भाई गुलफाम सलीम को तड़पाते रहे। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दोनों सगे भाइयों के पास पिस्टल थी, लेकिन उन्होंने सलीम को गोली नहीं मारी। बजाय इसके 7 मिनट तक तड़पा-तड़पाकर चाकू से सीने और पेट पर हमला किया। गला रेतने की कोशिश की। 27 फरवरी को ए७ मुस्लिम सलीम वास्तिक पर हमला हुआ था। शरीर पर चाकू के 14 घाव मिले। वे अभी दिल्ली के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हैं। दो ऑपरेशन हो चुके हैं, लेकिन स्थिति नाजुक है। पुलिस ने दोनों हमलावर भाई जीशान और गुलफाम को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। दो भाइयों के एनकाउंटर के बाद पुलिसिया कार्रवाई पर लोग सवाल उठने लगे। इसके बाद बुधवार को हमले का CCTV वीडियो सामने आया। इसमें दोनों भाइयों की बर्बरता दिख रही है। इसमें एक भाई कहता है- मारो, डरो मत। वारदात के बाद सीएम योगी ने खुद मामले पर संज्ञान लिया था। उन्होंने कहा था- दोषियों को बख्शेंगे नहीं। पुलिस ने दावा किया कि सलीम वास्तिक इस्लाम धर्म पर वीडियो बनाते थे, उनके ज्यादातर वीडियो धर्म की कमियां बताते थे। इसी वजह से जीशान और गुलफाम ने उन पर हमला किया।

## अलीगढ़ में होली पर फायरिंग-पथराव, दरोगा का सिर फटा

**अलीगढ़, 5 मार्च (एजेंसी)।** होली के दिन रंग खेलने को लेकर बवाल हो गया। पड़ियावाल गांव में दो पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। फिर देखते ही देखते हालात बिगड़ गए। मारपीट होने लगी। एक पक्ष के युवक ने छत पर चढ़कर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। कुछ लोग छर्रे लगने से घायल हो गए। नाराज ग्रामीणों ने आरोपी का घर घेर लिया। पथराव करने लगे। गेट तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। घर को घेरकर लोगों को दूर करने लगी। इससे नाराज लोगों ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया। दरोगा का सिर फट गया। मौके पर और पुलिस फोर्स बुलाई गई। बल-प्रयोग कर भीड़ को खदेड़ा। फिर फायरिंग करने वाले युवक को पकड़ा। इसके आलावा, 12 उपद्रवियों को भी हिरासत में लिया। फिलहाल इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। घटना बुधवार को मडराक थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार- मनीष वार्ष्णेय और कैलाश पड़ियावली गांव में रहते हैं। दोनों के घर अगल-बगल हैं। बुधवार दोपहर 3 बजे होली खेलने के दौरान महिलाओं में कहासुनी हो गई। रंग डालने को लेकर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पुरुष भी आपस में कहासुनी करने लगे। इस बीच, कैलाश आपा खो बैठा। वह दौड़कर अपने घर की छत पर चढ़ गया। फायरिंग शुरू कर दी। गोली के छर्रे मनीष के सीने में लगे। वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद भी कैलाश ने फायरिंग बंद नहीं की। इस दौरान वहां से जसवंत नाम का एक राहगीर गुजर रहा था। उसके बाजू में भी छर्रे लगे। फायरिंग से गांव में हड़कंप मच गया। लोगों ने कैलाश का घर घेरकर पथराव कर दिया। लोगों का गुस्सा देखकर आरोपी ने खुद को घर के अंदर कैद कर लिया। लोग घर का दरवाजा तोड़ने की कोशिश करने लगे। इस बीच राहगीरों ने मडराक थाने की पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को घर से दूर करने लगी। इस दौरान लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें एसएसआई धर्मपाल सिंह घायल हो गए। हालात बिगड़ते देख एसएसपी नीरज जादौन को सूचना दी गई। थोड़ी देर बाद एसएसपी कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ा। आरोपी कैलाश को घेराबंदी कर हिरासत में लिया। उसके बाद घायलों को तत्काल आगरा रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## भांजियों पर अश्लील टिप्पणी करने वाले दोस्त का मर्डर

**रुड़की, 5 मार्च (एजेंसी)।** ट्रक चालक ने अपने ही दोस्त को ट्रक से कुचलकर मार डाला। बताया जा रहा है कि मृतक आरोपी की भांजियों पर अश्लील टिप्पणी करता था, जिसको लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। होली के दिन भी जब उसने वही हरकत दोहराई तो गुस्साए चालक ने पहले उसे ट्रक से नीचे उतारा और फिर टोल प्लाजा के पास उस पर ट्रक चढ़ा दिया। प्रताप कॉलोनी निवासी एक महिला ने भगवानपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि ट्रक नंबर यूपी17 बीटी 8882 के चालक राजीव ने उसके पति राहुल कुमार को भगवानपुर टोल प्लाजा के पास ट्रक से कुचलकर मार डाला। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी राजीव को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात कबूल कर ली। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल ट्रक भी बरामद कर लिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि राहुल अक्सर उसके साथ शराब पीता था और नशे की हालत में उसकी भांजियों के बारे में अश्लील टिप्पणियां करता था। कई बार समझाने के बावजूद राहुल अपनी हरकतों से बाज नहीं आया।

## मेरठ में 17 साल के भतीजे ने चाची की हत्या की: मर्डर के बाद थाने पहुंचा

**मेरठ, 5 मार्च (एजेंसी)।** गुरुवार सुबह 17 साल के भतीजे ने 32 साल की चाची की हत्या कर दी। भतीजा अचानक बेडरूम में घुसा। कनपटी में सटाकर तमंचे से 2 गोली मारी। फिर मौके से भाग गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद उसने मवाना थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। बोला- आए दिन चाची झगड़ा करती थी, इसीलिए गोली मार दी। पुलिस के मुताबिक, सुबह करीब 9:20 बजे सभी घर के कामों में बिजी थे, तभी गोली चलने की आवाज सुनाई दी। परिवार के लोग दौड़े तो पूजा त्यागी बेडरूम में फर्श पर पड़ी तड़प रही थी। इतने में 17 साल का भतीजा तमंचा लेकर भागता दिखाई दिया। थोड़ी ही देर में पूजा ने दम तोड़ दिया। 4 साल पहले मोदीनगर की रहने वाली पूजा की शादी धर्मेंद्र त्यागी से हुई थी। पूजा का 6 महीने का बेटा है। घटना हस्तिनापुर के गणेशपुर गांव की है। हस्तिनापुर थाने की फोर्स और पुलिस अफसर मौके पर पहुंचे हैं। फोरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन: गृह विभाग पर ठोका दावा

**पटना, 5 मार्च (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा कैंडिडेट के लिए नामांकन दाखिल किया। सीएम के साथ बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने भी नामांकन दाखिल किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

नामांकन के बाद जदयू ने गृह विभाग पर अपना दावा ठोका है। अभी ये भाजपा के पास है। सम्राट चौधरी बिहार के गृहमंत्री हैं। वहीं, जदयू के सूत्रों के अनुसार सीएम नीतीश ने बेटे निशांत कुमार 8 मार्च (रविवार) को जेडीयू जॉइन करेंगे। इसके बाद पार्टी में निशांत के आगे की भूमिका तय की जाएगी। पार्टी के नेता बैठक में इसपर फैसला लेंगे। नीतीश कुमार ने निशांत कुमार के ज्वाइनिंग को लेकर हरी झंडी दे दी है। निशांत की ज्वाइनिंग आज ही होनी थी। इसको लेकर जेडीयू कार्यालय में कार्यकर्ता के लिए भोज का इंतजाम किया गया था। लेकिन राज्यसभा नामांकन कार्यक्रम के कारण ज्वाइनिंग नहीं हुई। इधर, नीतीश के नॉमिनेशन के बाद अमित शाह ने कहा, 'उनका ये कार्यकाल बिहार के इतिहास में स्वर्णिम पृष्ठ के रूप में लिखा जाएगा। बिहार के विकास के सारे मायने को उन्होंने गति देने का काम किया। उन्होंने अपने शासनकाल में बिहार को जंगलराज से मुक्त करने का काम किया। उन्होंने न केवल बिहार की सड़कों को गांव तक जोड़ा, उसकी स्थिति में भी सुधार किया। इतने लंबे कार्यकाल में विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री रहते हुए उनके कुर्ते पर कभी दाग नहीं लगा। भ्रष्टाचार का आरोप लगे बिना इतना लंबा



राजनीतिक सफर शायद ही किसी ने तय किया हो, जो नीतीश कुमार ने तय किया है। उनका जो कार्यकाल मुख्यमंत्री होने के नाते हैं, उसे बिहार के लोग याद भी करेंगे और उसका सम्मान भी करेंगे। मैं फिर से नितिन नवीन और नीतीश कुमार का राज्यसभा में आने पर स्वागत करता हूं।'

## महिला ने की आत्म हत्या, दहेज हत्या का आरोप

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** बागपत के बालेनी थाना क्षेत्र के गांव चोरमऊ निवासी डोली की शादी वर्ष 2021 में कूकड़ा निवासी रोहित के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे भी है। देर रात महिला ने कमरे में पंखें से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने बताया कि महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि अभी तक थाने पर कोई तहरीर नही दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### शेष समाचार - नेताओं और अधिकारियों के घरों से लेकर ...

भी अपने उल्लास का प्रदर्शन किया। तमाम थानों में जहां रंग उड़ा, वहीं पुलिस लाईन में एसएसपी ने ढोल बजाते हुए पुलिसकर्मियों व पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ होली खेली। उन्होंने पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं दी। एसएसपी आवास पर होली का रंग जमकर उडाया गया।

पुलिस की होली आज मस्ती में डूबी रही। पुलिस लाइन में एसएसपी संजय कुमार ने अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के साथ रंगों में डूबते हुए जमकर ढोल बजाया और सभी को शुभकामनाएं दी। एसएसपी ने सभी को गुलाल लगाकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर एसएसपी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक पर्व है। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार भी एक बड़े परिवार की तरह है। इस अवसर पर एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे व प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा शहर कोतवाली प्रभारी बबलू कुमार वर्मा, थाना प्रभारी सिविल लाइन आशुतोष कुमार सिंह, खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान व नई मंडी थाना प्रभारी बृजेश कुमार शर्मा ने पुलिसकर्मियों के साथ थानों पर जमकर होली का पर्व मनाया।

### शेष समाचार - एसएसपी ने बजाया ...

में रंगा, बल्कि कई स्थानों पर पक्के रंग, काले तेल, कीचड़ के साथ भी अपनी खुमारी निकाली। युवाओं ने कई जगह कपड़ा-फाड़ होली खेलते हुए साथियों के कपड़े तार-तार कर दिए।

## मेरठ में डॉक्टर ने की आत्महत्या : कमरे में लटका मिला शव

**मेरठ, 5 मार्च (एजेंसी)।** भावनपुर थाना क्षेत्र की गोकुलधाम कॉलोनी में बुधवार को एक डॉक्टर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक डॉक्टर की पहचान 30 वर्षीय गिरी प्रसाद के रूप में हुई



है। वह मूल रूप से तमिलनाडु के रहने वाले थे और गढ़ रोड स्थित गोकुलधाम कॉलोनी के डी ब्लॉक में किराए के मकान में रहते थे। डॉ. गिरी प्रसाद लालाराम मेडिकल कॉलेज से एमडी की पढ़ाई कर रहे थे। बताया जा रहा है कि जब काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला, तो मकान मालिक को शक हुआ। उन्होंने कमरे में देखा तो डॉ. गिरी प्रसाद का शव फंदे से लटका हुआ मिला। मकान मालिक ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी।

## शामली में युवक होली खेलकर घर में सोया, फिर उठ नहीं पाया

**शामली, 5 मार्च (एजेंसी)।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बुटराड़ी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने उसे सुबह डॉक्टर के पास ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सम्राट पुत्र यशपाल सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, सम्राट होली का पर्व मनाने और दोस्तों के साथ समय बिताने के बाद घर लौटा था। सुबह जब वह नहीं उठा, तो परिजनों ने उसे शामली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सम्राट विकास भवन में क्लर्क के पद पर कार्यरत था और पिछले लगभग छह साल से संविदा पर भर्ती हुआ था। ग्रामीणों के बीच चर्चा है कि होली के पर्व के दौरान सम्राट ने अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया था, जिसके कारण उसकी मौत हुई। इस मामले में मृतक के परिजनों ने फिलहाल कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। सरकारी डॉक्टर बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सम्राट को अस्पताल लाए जाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## गोयला में दो पक्षों के बीच विवाद, आधा दर्जन घायल

**शाहपुर, 05 मार्च (बु.)।** क्षेत्र के गांव गोयला में रंगों के पर्व दुल्हेंडी की संध्या पर दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया, जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। क्षेत्र के गांव गोयला निवासी मुनेश पत्नी राजीव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र राजन अपने साथियों गुड्डू व गोलू के साथ किसी कार्य से गांव में गया था। आरोप है कि वहां देवराज समेत करीब दस लोगों ने एक राय होकर उनके पुत्र पर हमला कर दिया और लाठी-डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से देवराज मलिक ने भी थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह गांव की एक परचून की दुकान पर घर का सामान लेने गया था। उसी दौरान राजन व उसके साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर हमला कर दिया, जब उसे बचाने के लिए उसके परिजन पहुंचे, तो हमलावरों ने सुरेंद्र सिंह, बाबू, नवीन, कालूराम और विकास को भी मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए देवराज मलिक पक्ष को घायल करने के आरोप में राजन, गुड्डू, रोहित तथा एक अन्य युवक को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**जानसठ, 05 मार्च (बु.)।** क्षेत्र के गांव सोहंजनी में मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें एक पक्ष का एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। स्वजन उसे मेरठ के आनंद अस्पताल ले गए, जहां पर उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पिंकी पत्नी विकास ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि बुधवार की शाम को उसका पति उम्र लगभग 35 वर्षीय विकास पुत्र रामकुमार अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठा था, तभी वहां से गुजर रहे गांव के ही रहने वाले प्रवेश व सुशील पुत्रगण शोवीर निवासीगण ग्राम सोहंजनी उनके साथ छींटाकशी शुरू करते हुए गाली-गलौच करने लगे। कुछ ग्रामीणों ने उस समय मामला समझा-बुझा कर शांत करा दिया था। उसने तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम को ही लगभग सात बजे जब मेरे पति विकास घर पर मौजूद थे, तब प्रवेश ओर सुनील अपने हाथ में धारदार हथियार लाठी-डंडे लेकर गाली-गलौच करते हुए घर में घुस गए और विकास के साथ मारपीट शुरू कर दी। इन्होंने बलकटी से विकास के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। डंडा मारकर उसकी नाक की हड्डी भी तोड़ दी और जान से मारने की धमकी देकर घर से भाग गए। उसने तहरीर में बताया कि गंभीर रूप से घायल उसके पति विकास का इलाज जनपद मेरठ के आनंद अस्पताल में चल रहा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट की घटना की तहरीर आई है। मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## यह ईरान पर नहीं इस्लाम पर हमला है, ईरानी एंबेसी पहुंचे मुजफ्फरनगर के उलेमा

**मुजफ्फरनगर, 5 मार्च (बु.)।** ईरान के सरबराह आयतुल्लाह अली खामेनेई की शहादत पर आज मुजफ्फरनगर से एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में ईरान एंबेसी पहुंचा और वहां के राजदूत से मिलकर गमोगुस्से का इजहार करते हुए अमेरिका व इजराइल के हमले की मजम्मत करते हुए कहा कि यह हमला ईरान पर नहीं, उम्मते इस्लाम पर है। उन्होंने भारत सरकार से ईरान की मदद करने की भी गुहार लगाई। इमाम संगठन के प्रदेश सदर मुफ्ती जुल्फिकार के साथ ईरान एंबेसी पहुंचे शिया उलेमाओं ने ईरान पर हमले को इस्लाम पर हमला करार दिया और कहा कि यह नाकाबिले बर्दाश्त है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलमा ए हिंद समेत तमाम तंजीमों ने इसकी मजम्मत की है।

# सचिन तेंदुलकर के बेटे 'अर्जुन' ने सानिया चंडोक संग लिए मुंबई में फेरे

### अमिताभ, अंबानी, जय शाह, धोनी-द्रविड़ भी शामिल हुए

मुंबई, 5 मार्च (एजेंसी)। सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की आज सानिया चंडोक के साथ मुंबई में शादी हुई। समारोह में अमिताभ बच्चन, मुकेश अंबानी और जय शाह पहुंचे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी पत्नी साक्षी के साथ आए। वहीं, पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले क्रिकेटर अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना, हरभजन सिंह भी मौजूद रहे। शादी के फंक्शन 3 मार्च से ही चल रहे हैं।



अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन 27 फरवरी को गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर में हुए थे। दोनों ने अगस्त 2025 में सगाई की थी। सानिया चंडोक ग्रैविस ग्रुप के चेयरमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन की बहन सारा की करीबी दोस्त भी हैं।

# बच्चा नहीं हुआ तो पत्नी की हत्या करके जान दी

**मुरादाबाद, 5 मार्च (एजेंसी)।** पति ने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी। बाद में उसी चाकू से खुद को जख्मी कर सुसाइड कर लिया। महिला के मायके वालों का कहना है कि पति-पत्नी को 9 साल से बच्चा नहीं हो रहा था। इस वजह से दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था। पति दूसरी शादी करने को कहता था तो पत्नी और भड़क जाती। पुलिस की शुरूआती पूछताछ में पता चला कि होली के दिन यानी बुधवार शाम को पेशे से इलेक्ट्रिशियन पति ने पत्नी से मायके चलने को कहा। रास्ते में एक जंगल में ले गया और चाकू से कई वार किए। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उसने खुद को भी चाकू मार लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना मझोला थाना क्षेत्र की है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार शाम को सूचना मिली कि सोनकपुर फ्लाईओवर के पास जंगल में खून से लथपथ एक युवक घायल अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची। खून से लथपथ युवक ने अपना नाम पता विनोद उर्फ विक्की निवासी नया गांव नवीन नगर बताया। उसे तुरंत अस्पताल भिजवाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

इस बीच पुलिस ने आसपास सर्च किया तो कुछ ही दूरी पर एक बाइक मिली। खून में सना एक चाकू मिला। आसपास खोजबीन करने पर जंगल में कुछ दूरी पर एक महिला का शव भी मिला। शरीर पर चाकू से वार करने के निशान थे। महिला की पहचान विनोद उर्फ विक्की की पत्नी ममता के रूप में हुई है। एसपी सिटी रण विजय सिंह ने बताया- परिजन से पूछताछ करने पर पता चला कि विनोद की 9 साल पहले से शादी हुई थी। उसके कोई बच्चे नहीं थे। इस बात को लेकर उनके बीच अक्सर झगड़ा होता था। बुधवार को विनोद अपनी पत्नी ममता को बाइक से लेकर ससुराल जाने के लिए निकला था। पता चला कि शहर में हरथला कालोनी में उसकी ससुराल है, लेकिन वह ससुराल न जाकर सोनकपुर फ्लाईओवर की तरफ चला गया। जंगल में जाकर उसने अपनी पत्नी पर चाकू से वार किए। उसकी हत्या करने के बाद उसी चाकू से खुद पर भी हमला किया। ममता के मायके वालों का आरोप है कि विनोद दूसरी शादी करना चाहता था। इसके लिए ममता को काफी समय से प्रताड़ित कर रहा था। ममता की मां शीला का कहना है कि बच्चे नहीं होने का लेकर दामाद विनोद और बेटी ममता के बीच विवाद होता था। कुछ दिन पहले दामाद ने ममता को 2 महीने के लिए हमारे पास छोड़ दिया था। दूसरी पत्नी की तलाश शुरू कर दी थी। स्टांप पर लिखकर दे दिया था कि मैं ममता को नहीं रखूंगा। इसके बाद पंचायत बुलाई गई। तब जाकर ममता को साथ रखा। पुलिस ने ममता के भाई की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

# पत्नी की हत्या कर आत्महत्या कर ली

**झांसी, 5 मार्च (एजेंसी)।** महेंद्र मेरी मौसी का बेटा था। जब 15 साल का था तो पिता मर गए। तब मैं उसे अहमदाबाद ले गया। वहां काम सिखाया। त्योहारों पर मैं नए कपड़े नहीं पहनता था, मगर उसे पहनाता था। जिसे भाई की तरह पाला, उसने मेरी घरवाली से इश्क लड़ाया। अब

### जिसे भाई जैसे पाला, उसने भाभी से इश्क लड़ाया

पत्नी ने दूरी बनाई तो चाकू मारकर हत्या कर दी और फिर खुद भी सुसाइड कर लिया। अगर 5 साल की बेटी छत पर चढ़कर न भागती तो वो उसे भी मार सकता था। पत्नी के खून से महेंद्र के कपड़े सन गए। इसलिए वो कपड़े उतारकर घर से न्यूड भागा। ये कहना है राकेश साहू का। जिसकी पत्नी माया (35) पर झांसी में 28 फरवरी को मौसरे देवर महेंद्र ने चाकू से हमला कर दिया था। फिर 300 मीटर दूर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इलाज के दौरान 2 मार्च को माया की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, माया पर चाकू से गले, पेट, सीने और हाथों पर हमला किया गया। चाकू के एक वार ने लीवर चीर दिया। इस वजह से उसकी मौत हो गई। घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र की है।

## सुखोई एसयू-30एमकेआई लड़ाकू विमान का संपर्क कटा, एक पायलट लापता

**गुवाहाटी, 5 मार्च (एजेंसी)।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में भारतीय वायुसेना का एक सुखोई लड़ाकू विमान रडार से कट गया। चोखिहोला इलाके के बाद से विमान लापता हो गया। घटना के बाद एक पायलट भी लापता बताया जा रहा है। रक्षा अधिकारियों ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया है। कारणों की जांच की जा रही है।